# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–83/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

### राजभवन में महिला इमदाद कमिटी की बैठक आयोजित की गयी

**पटना 03 सितम्बर, 2025** :– लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ की अध्यक्षता में राजभवन के सभागार में महिला इमदाद कमिटी की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें उन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय कर महिलाओं एवं मूक–बधिर बच्चों के प्रशिक्षण एवं कौशल विकास हेतु आवश्यक पहल करने का निदेश दिया, ताकि वे स्वरोजगार में सक्षम हो सकें तथा उन्हें नौकरी व रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल सकें। उन्होंने लड़कियों के लिए ओल्ड एज केयर, नर्सिंग एवं फिजियोथेरापी आदि से संबंधित प्रशिक्षण तथा मूक–बधिर बच्चों द्वारा कैन्टीन के संचालन की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा।

लेडी गवर्नर ने महिला इमदाद कमिटी के सदस्यों की संख्या बढ़ाने का निदेश देते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य व चिकित्सा, विधि एवं अन्य क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को कमिटी में शामिल किया जाए, ताकि इसके कार्यों का विस्तार हो और इससे अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

बैठक में महिला इमदाद कमिटी की उपाध्यक्ष श्रीमती ममता मेहरोत्रा ने कमिटी के संविधान के बारे में बताया, जबकि मानद सचिव प्रो० पूनम चौधरी ने इसके इतिहास, उद्देश्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

समाज कल्याण विभाग, जीविका एवं बिहार कौशल विकास मिशन के पदाधिकारियों ने महिलाओं एवं दिव्यांग बच्चों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा महिला इमदाद कमिटी से जुड़े ऐसे लाभार्थियों के प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के लिए हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

बैठक में महिला इमदाद कमिटी के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण, विभिन्न विभागों व अभिकरणों तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व अन्य लोग उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि लेडी गवर्नर महिला इमदाद कमिटी, राजभवन, बिहार की पदेन अध्यक्ष होती हैं।

............................................